# इंदौर हादसा : भोपाल से अफसर, विशेषज्ञ इंदौर रवाना

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए जांच के निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग से हुई दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को व्यवस्थित जांच के निर्देश दिए गए हैं. भोपाल से अधिकारियों और विशेषज्ञों को भी इंदौर रवाना किया गया है.**



यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होमगार्ड लाइन में आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान कही. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल लॉक और इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग से हुई दुर्घटना से बदलती तकनीक और उसके उपयोग के परिणामस्वरूप नई प्रकार की चुनौती सामने आयी है. ऐसी घटनाओं को रोकने और जागरूकता की दिशा में राज्य सरकार कार्य करेगी. हमारी कोशिश होगी कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल लॉक जैसी सुविधाओं का उपयोग हमारी आवश्यकता है, लेकिन ऐसी सुविधाओं से मानव जीवन भी कष्ट में आता है. इन उपकरणों के उपयोग में विशेष सतर्कता और सावधानी जरूरी है. इस संबंध में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर भी सजग रहना चाहिए.

## आज सभी जिलों में होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम

### भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा मुख्य कार्यक्रम, सीएम होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. राज्य सरकार ने वर्ष प्रतिपदा के मौके पर एक नई पहल की है.**

गुरुवार 19 मार्च को सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर संपूर्ण प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सुबह 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पहली बार शासकीस तौर पर इस तरह का आयोजन होगा. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर को पत्र भेज दिया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि है उज्जैनी काल गणना का केंद्र रही है. हमारे सभी त्योहार मंगल तिथियों पर आते हैं जो विक्रम संवत पर आधारित हैं. 19 को ही श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन के शिखर पर ब्रह्मध्वज स्थापित होगा और जन -जन तक महान सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा को पहुंचाने के लिए सभी जिलों में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति होगी. इस साथ ही आमजन को नववर्ष के महत्व से अवगत कराने के लिए भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन भोपाल में मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे. विक्रम उत्सव-2026 के तहत 19 मार्च को प्रात: 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा. संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के तहत मप्र नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा इस नाट्य प्रस्तुति के लिए नाट्य कला दलों को प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में भेजा जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन करेंगे.

## एक नजर में

### अवैध रेत पर कार्रवाई, 6 धर्मकांटों से रेत जब्त


**भिण्ड.** जिले के फूप क्षेत्र में खनिज विभाग ने अवैध रेत कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह धर्मकांटों पर जमा रेत को जब्त किया है. भिण्ड-इटावा मार्ग पर चंबल पुल से ओवरलोड रेत से भरे डंपरों के आवागमन पर प्रतिबंध के चलते चालक धर्मकांटों पर अतिरिक्त रेत उतार देते थे. बाद में यह रेत स्थानीय स्तर पर सस्ते दामों में बेची जाती और कथित तौर पर बिना रॉयल्टी के उत्तरप्रदेश में खपाई जाती थी, जिससे लाखों रुपये की अवैध कमाई हो रही थी. सूत्रों के मुताबिक इस पूरे नेटवर्क की जानकारी संबंधित विभागों और स्थानीय पुलिस को भी थी, लेकिन कथित सांठगांठ के चलते लंबे समय से कार्रवाई नहीं हो रही थी.

### रिश्वत लेते बीआरसी और सब इंजीनियर गिरफ्तार

**बड़वानी.** जिले की निवाली तहसील में बालिका शौचालय मरम्मत कार्य की राशि में हिस्सा मांगने वाले विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) और सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने बताया कि डीएसपी सुनील तालान के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए जनपद शिक्षा केंद्र निवाली में पदस्थ बीआरसी महेंद्र सिंह राठौर और सब इंजीनियर अश्विन डागर को ट्रैप कर पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि आवेदक जितेंद्र सोनी, जो शासकीय प्राथमिक विद्यालय खत्री फलिया-पिपलधार में प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं, ने शिकायत दर्ज कराई थी.

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले राज्यपाल पटेल

**भोपाल,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री के संसद भवन स्थित कार्यालय में बुधवार को शिष्टाचार भेंट की. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया. प्रधानमंत्री को उन्होंने स्मृति स्वरूप श्रीलंका से लाई हुई भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की. प्रधानमंत्री मोदी को राज्यपाल पटेल ने भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ श्रीलंका से पवित्र बौद्ध अवशेषों को भारत वापस लाने की अपनी यात्रा के संबंध में जानकारी दी. प्रधानमंत्री को यात्रा के विवरण पर आधारित पुस्तक बुद्ध धरोहर की सांस्कृतिक यात्रा भारत से श्रीलंका भेंट की. प्रधानमंत्री को उन्होंने राज्य की प्रगति से अवगत कराया तथा विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा की.



प्रधानमंत्री के संसद भवन स्थित कार्यालय में की शिष्टाचार भेंट

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज

- इंदौर में होगा गुड़ी पड़वा का राज्य स्तरीयकार्यक्रम
- अभियान में 18 विभाग होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, 19 मार्च, गुड़ी पड़वा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन इंदौर के इस्कॉन मंदिर से तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करेंगे. इंदौर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा.**

इस दिन प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी जल स्रोतों या नदियों के समीप कार्यक्रम आयोजित कर अभियान की शुरुआत की जाएगी. साढ़े तीन माह तक चलने वाले इस प्रदेशव्यापी महाअभियान का समापन 30 जून को होगा. इसमें 18 विभाग शामिल होंगे. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान का नोडल विभाग होगा, जबकि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सह-नोडल विभाग रहेगा. अभियान के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं.

जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में किया जाएगा. कलेक्टर जिलों में अभियान के नोडल अधिकारी होंगे. उनकी अध्यक्षता में जिला जल गंगा संवर्धन अभियान समिति कार्य योजना तैयार कर मॉनिटरिंग करेगी. इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत-समन्वयक और सभी सहभागी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य होंगे. स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों, कृषि-अभियांत्रिकी शिक्षण व शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों, जिले के प्रतिष्ठित संत व महात्माओं और जिले के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को इस समिति में नामांकित किया जा सकेगा. विकास खंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी होंगे। उनके नेतृत्व में विकास खंड जल गंगा संवर्धन अभियान समिति कार्यों की निगरानी करेगी.

### ये विभाग अभियान में होंगे शामिल

जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं आवास, वन, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, संस्कृति, जन अभियान परिषद और जनसंपर्क विभाग शामिल हैं.

## एडीजी को धमकाने वाले दो गिरफ्तार

### अधिकारियों से मांगी सुरक्षा



- दो युवकों पर धमकाने का लगा आरोप
- गिरफ्तार आरोपियों ने कहा, गलत पते पर पहुंचे थे


नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 मार्च. शाहपुरा थाना इलाके में पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को धमकाने का मामला सामने आया है. अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

जानकारी के मुताबिक प्रदेश पुलिस के एडीजी (ट्रेनिंग) राजाबाबू सिंह का निवास त्रिलंगा में हैं. बुधवार को एडीजी ने मामले की शिकायत करते हुए पुलिस कमिश्नर और डीजीपी को पत्र के माध्यम से उन पर जान का खतरा होने से, अधिकारियों से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की.

बताया जा रहा है कि मंगलवार को राजाबाबू सिंह के आवास पर सुबह के एक कार में सवार होकर दो युवक नितेश चौरसिया और रुद्राक्ष यादव पहुंचे थे. सिंह के साथ गाली गलौच करते हुए आरोपियों ने उन्हें डंडा भी दिखाया था.

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. एड़ीजी के साथ की गई हरकत की सूचना मिलने पर शाहपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों ही आरोपियों को शीघ्रता से गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है कि दोनों गलत पते पर पहुंचे थे. इस दौरान उनका एडीजी से विवाद हो गया था. पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है.




## सिंघार बैठक में हुए शामिल

**भोपाल, 18 मार्च. मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए.**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई. इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहन हिंदुस्तान के असली मालिक हैं और 'जल, जंगल, जमीन' पर उनका पहला अधिकार है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार चाहे कितनी भी कोशिशें कर ले, कांग्रेस आदिवासियों के इन अधिकारों को कभी छिनने नहीं देगी और उनके हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी.

## गेहूं खरीदी में किसानों को नहीं होगी परेशानी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं.**

प्रदेश में गेहूं उपार्जन कार्य चरणबद्ध रूप से प्रारम्भ किया जाएगा. गेहूं खरीदी में किसानों को बिल्कुल परेशानी नहीं होगी.

मंत्री कंषाना ने कहा कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों में गेहूं खरीदी एक अप्रैल से शुरू होगी, जबकि शेष संभागों में 7 अप्रैल से खरीदी प्रारम्भ की जाएगी. गेहूं उपार्जन शासकीय



कार्य दिवसों में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा, जिससे किसानों को सुविधाजनक समय मिल सके. राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से गेहूं खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही अब किसानों से गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी. कंषाना ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये प्रदेश के कुल 19 लाख 4 हजार 651 किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष के 15 लाख 44 हजार किसानों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

### सरकार किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही

मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. सभी खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए ठंडे पेयजल, पंखों, छाया तथा आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे किसानों को धूप में खड़े होकर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

## पेज एक का शेष

### एक चिंगारी से 8 जिंदा जले

थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि जनवरी माह में उनके घर मांगलिक कार्य हुआ था, जिसके चलते घर में मेहमानों का आना जाना लगा रहा.

**मासूमों की मौत से द्रवित हुआ शहर, 6 साल के बच्चे सहित कई की जान गई**

हादसे में एक 6 साल के मासूम समेत 12 साल की बच्ची और परिवार के मुखिया की भी मौत हो गई. मलबे से जब मासूमों के शव निकाले गए तो मौके पर मौजूद लोग भी खुद को संभाल नहीं सके. प्रत्यक्षदर्शियों में से एक सौरभ का कहना है कि मनोज पुगलिया ने आग लगने के बाद अपने तीन बेटों को बाहर निकाल दिया था, लेकिन वे स्वयं और उनकी बहू अंदर ही फंस गए थे. वहीं घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह का कहना है कि घटना की सूचना तड़के साढ़े तीन से चार बजे के बीच मिली. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घर के बाहर खड़ी ईवी कार में आग लगी, जिसके बाद अंदर रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हुआ और हादसा विकराल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, विधायक महेंद्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच चुके थे. मनोज पुगलिया के मंझले बेटे की शादी चार महीने पहले हुई थी और उनकी पत्नी इन दिनों मायके गई हुई थी, जिससे उनकी जान बच गई.

## अरविंद कुमार ने किया कार्यालय का निरीक्षण


**भोपाल, 18 मार्च. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में बुधवार को पमरे जबलपुर के महाप्रबंधक अरविंद कुमार रजक द्वारा रानी कमलापति स्टेशन एवं नवनिर्मित मण्डल नियंत्रण कार्यालय का सघन निरीक्षण किया.**

इस दौरान रानी कमलापति स्टेशन पर उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधन, स्टेशन विकास, स्वच्छता, मेट्रो कनेक्टिविटी एवं मंडल स्तर पर संचालित परिचालन व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया.



श्री रजक द्वारा रानी कमलापति स्टेशन के निरीक्षण के दौरान द्वारा यात्री सुविधाओं में प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, एस्केलेटर, लिफ्ट, पेयजल व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, शौचालयों, पार्किंग क्षेत्र एवं ट्रेन संचालन से जुड़े प्राविधिक बिंदुओं का निरीक्षण करते संतोश व्यक्त किया. स्टेशन की साफ-सफाई को देखकर श्री रजक द्वारा सफाई कर्मियों की सराहना की. रानी कमलापति स्टेशन पर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से कनेक्टिविटी का निरीक्षण करते हुये बंसल पाथवे के अधिकारियों को मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से कनेक्टिविटी और अधिक बेहतर हेतु निर्देशित किया.

मंडल कार्यालय के नवनिर्मित मण्डल नियंत्रण कार्यालय का रजक द्वारा सभी रेल खण्डों का गहन निरीक्षण किया. तदोपरांत मण्डल कार्यालय में वाणिज्य अधिकारियों से यात्री सुविधाओं, मालभाड़ा, एन.एफ.आर विशयों पर विस्तृत चर्चा की. इस अवसर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री रोहित मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.



## पश्चिमी विक्षोभ से प्रदेश का बदलेगा मौसम

**21** मार्च तक बड़े शहरों में असर

**4** -5 दिन बारिश-आंधी का असर

**भोपाल, 18 मार्च. मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के बीच मौसम अचानक करवट लेने जा रहा है. बुधवार से सक्रिय हो रहे नए सिस्टम के चलते अगले 4 से 5 दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर देखने को मिलेगा. इससे लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है.**

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर सहित करीब 13 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है. वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी 21 मार्च तक मौसम का असर बना रहेगा. विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अब मध्य प्रदेश तक पहुंच गया है, जिससे 19 से 21 मार्च के बीच बारिश और बादल छाने की संभावना है.

मौसम में इस बदलाव की मुख्य वजह एक साथ सक्रिय कई सिस्टम हैं. प्रदेश के ऊपर पांच साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं, जो मिलकर मौसम को प्रभावित कर रहे हैं. खासकर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में तापमान गिरने और बादल छाने के संकेत मिल रहे हैं. तापमान की बात करें तो मंगलवार को कई जिलों में गर्मी का असर जारी रहा.

गौरतलब है कि फरवरी में भी प्रदेश में कई बार मौसम बदला और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ था. मार्च के पहले हिस्से में गर्मी का असर रहा, लेकिन अब पहली बार इस महीने मजबूत मौसम प्रणाली सक्रिय हुई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह सिस्टम 4-5 दिन तक असर दिखाएगा. इसके बाद 22 मार्च से फिर गर्मी बढ़ने के संकेत हैं.

## मुद्दा

### पटवारी ने निर्णय को युवाओं के साथ खिलवाड़ और अन्याय बताया

# जनसेवा मित्रों के निर्णय पर पुनर्विचार हो : जीतू

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार द्वारा जनसेवा मित्रों को हटाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे हजारों युवाओं के साथ गंभीर अन्याय बताया है.**

पटवारी ने कहा कि यह फैसला केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं है, बल्कि लगभग 9390 प्रशिक्षित युवाओं के भविष्य पर सीधा आघात है, जो वर्षों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि ये जनसेवा मित्र सरकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, लेकिन बिना स्पष्ट कारण के उनकी अचानक सेवा समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील कदम है. उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार रोजगार सृजन के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनुभवी युवाओं को हटाकर 'सीएम यंग इंटर्न' जैसे अस्थायी कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं. उनके अनुसार, इससे सरकार की मंशा और नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं.

पटवारी ने कहा कि युवाओं को स्थिर रोजगार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता है, न कि अल्पकालिक योजनाओं के जरिए अनिश्चितता. उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रकार के फैसलों से युवाओं में असंतोष बढ़ेगा और सामाजिक-आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा मिल सकता है. उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार कर सभी जनसेवा मित्रों को पुन: बहाल करने की मांग की है. ताकि उनके रोजगार और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.



## बजट कुप्रबंधन को लेकर अजय सिंह का सरकार पर हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 मार्च. वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह ने राज्य सरकार की वित्तीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए बजट कुप्रबंधन का आरोप लगाया है.**



उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में केवल 12 दिन शेष हैं, इसके बावजूद कुल बजट का लगभग 33 प्रतिशत, यानी करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये अब तक खर्च नहीं हो पाया है. सिंह ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पूरे वर्ष निष्क्रिय रहने के बाद अब अंतिम पखवाड़े में बची हुई राशि को जल्दबाजी में खर्च करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने इसे वित्तीय अव्यवस्था, जनता के पैसे की बर्बादी और संभावित भ्रष्टाचार का स्पष्ट संकेत बताया. प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए सिंह ने कहा कि सरकार एक ओर विकास के नाम पर लगातार कर्ज ले रही है, वहीं दूसरी ओर निर्धारित बजट का समय पर और प्रभावी उपयोग करने में असफल रही है. उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, लोक निर्माण, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में औसतन केवल 60 प्रतिशत बजट ही खर्च हो सका है. सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य पर कर्ज का बोझ तेजी से बढ़ रहा है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14